हिंदी विभाग

श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया

शीर्षक: "स्वास्थ्य के संदर्भ में योग तथा आयुर्वेद की महत्वपूर्ण भूमिका"

दिनांक 17.10.2022

प्रगति आख्या

श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के हिंदी विभाग के तत्वावधान में "स्वास्थ्य के संदर्भ में योग तथा आयुर्वेद की महत्वपूर्ण भूमिका" पर केन्द्रित व्याख्यान-माला की प्रथम कड़ी में जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, बलिया के प्रभारी चिकित्सक डाॅ. सुवास चंद्र और योग प्रशिक्षक आचार्य श्री सर्वेश कुमार ने अपने ज्ञान-गर्भित व्याख्यानों से हिंदी तथा संस्कृत के विद्यार्थियों को जागरूक किया। दोनों व्याख्याताओं ने अवस्था तथा ऋतु-अनुुसार सम्यक् आहार-विहार के अलावा यथासमय योग-प्राणायाम और स्वास्थ्य सम्बन्धी अन्य सावधानियाँ बरतने पर ध्यान आकर्षित कराया। देेव-वैद्य श्री धनवन्तरि के अवतरण के उपलक्ष्य में आयोजित (12 सितम्बर से 26 अक्टूबर तक कार्यक्रम-श्रृंखला) जन-जागृति के इस अवसर पर हिंदी विभाग के अध्यक्ष डाॅ. अमलदार नीहार के अलावा विभागीय अन्य प्राध्यापक--डाॅ. बृजेश कुमार सिंह 'त्यागी', डाॅ. अखिलेश कुमार राय, डाॅ.जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय, डाॅ. सुधा सिंह, श्री संजीव कुमार मिश्र और संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डाॅ. बिमलेश कुमार मौर्य और तद्विषयक अन्य असिस्टेंट प्रोफेसर डाॅ.सुनील कुमार , डाॅ.संध्या श्रीवास्तव एवं विभागीय परिचारक श्री प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। डाॅ.अमलदार नीहार ने विषय का प्रवर्तन किया तथा डाॅ. बृजेश कुमार सिंह ने अन्त में धन्यवाद ज्ञापित किया।

veynkj uhgkj

अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र
हिंदी विभाग
श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
बलिया